महमूद शाह बेगड़ा [गुजरात का इतिहास] PDF Download

मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में दिल्ली सल्तनत के समकालीन राज्य गुजरात के बारे में जानेगे इसके साथ- साथ कैसे दिल्ली का पतन हुआ तथा महमूद शाह बेगडा ने गुजरात में अपना अस्तित्व कैसे जमाया, यहाँ समझेंगे कि दिल्ली शासन कल के अंतर्गत गुजरात किस राजा के अधीन रहा| वर्तमान में सरकारी परीक्षाओं के दौरान गुजरात के इतिहास से कुछ न कुछ पूछा जाता रहा है इसलिए इस लेख में महमूद शाह बेगडा के बारे में जितने भी सवाल बनेगे, लिखने की कोशिस करेंगे |

महमूद शाह बेगड़ा और अलाउद्दीन खिलजी के संबंध में इतिहास :-

1- 1297-98 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात पर आक्रमण किया था इस दौरान यहां का तत्कालीन शासक रायकर्ण बघेल था जो युद्ध हारने के बाद अपनी पुत्री के साथ देवगिरी भाग गया |
2- अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात का विलय दिल्ली सल्तनत के साथ कर लिया|
3- 1401 ई. में यहां नसीरुद्दीन महमूद शाह तुगलक ने जफ़र खाँ को राज्यपाल नियुक्त किया तथा स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की |
4- इसने मुजफ्फर शाह की उपाधि ली |
5- जफ़र खाँ दिल्ली के सुल्तानों द्वारा नियुक्त गुजरात का अंतिम सूबेदार था (नसीरुद्दीन महमूद शाह तुगलक)|

अहमद शाह 1411 – 1443 ई:-

1- यह (अहमद शाह) गुजरात का वास्तविक संस्थापक था |
2- आसवाल के प्राचीन नगर के स्थान पर अहमदाबाद नगर की स्थापना करके उसे अपनी राजधानी बनाया यह 1413 ई. की बात है, तथाइसने जैन और इस्लामी स्थापत्य का समन्वय कर अनेक भव्य इमारतें बनवाई |
3- असहिष्णु शासक जिसने अनेक मंदिर नष्ट करवाये और पहली बार गुजरात में जजिया कर लगाया |
4- बदरुद्दीन दमामीनी ने कहा है कि सुल्तानों में विद्वान और विद्वानों का सुल्तान है|

महमूद बेगड़ा 1458-11 ई.:-

1- इसने अपने शासन काल में गुजरात को स्थायित्व प्रदान किया व राज्य विस्तार भी किया |

2- मिस्त्र और तुर्की के साथ पुर्तगालियों के विरुद्ध संधि की और मिस्त्र की नौसेना की मदद से 1508 ई. में चौल के निकट पुर्तगाली सेना को बुरी तरह हराया |
3- इसने चम्पानेर तथा गिरनार जैसे मजबूत किलों को तुडवा दिया जिस कारण इसे बेगड़ा की उपाधि प्राप्त है|
4- चम्पानेर के निकट मुहम्मदाबाद और गिरनार के निकट मुस्तफाबाद बसाया तथा इसी के निकट ही इसने बाग़-ए-फिरदौस की स्थापना की|
5- दरवारी कवि उदयराज ने इसकी प्रशसा में महमूद चरित्र नामक काब्य की रचना की |
6- बारबोसा (पुर्तगीज) ने इसे विष पुरुष कहा था|
7- बहुत ज्यादा खाना खाने के कारण इसे भुक्कड़ शासक भी कहा जाता था |

बहादुर शाह 1526-37 ई:-

1- गुजरात का अंतिम शासक था|
2- 1531 ई. में इसने तुर्की नौसेना की मदद से दीव में पुर्तगालियों को हराया और दीव में बुर्ज-ए-बहादुरशाही नमक स्तम्भ बनवाया|
3- 1535 ई. में चितौड़ पर अधिकार कर लिया था|
4- आलम खां लोधी को शरण देकर इसने हुमायूँ को नाराज कर दिया, फलतः मुगलों ने गुजरात पर आक्रमण कर दिया तथा इसका तोपची रुखी खाँ मुगलों से मिल गया |

महमूद बेगड़ा को विष पुरुष किसने कहा था?

बारबोसा (पुर्तगीज) ने

बाग़-ए-फिरदौस की स्थापना किसने की थी?

महमूद बेगड़ा ने बाग़-ए-फिरदौस की स्थापना की थी |

गुजरात में पहली बार जजिया कर किसने लगाया था?

अहमद शाह ने पहली बार, गुजरात में पहली बार गैर मुस्लिमों पर जजिया कर भी लगाया था|

गुजरात का वास्तविक संस्थापक कौन था?

अहमद शाह, गुजरात का वास्तविक संस्थापक था|

अहमदाबाद की स्थापना किसने की थी?

अहमद शाह ने आसवाल के प्राचीन नगर के स्थान पर अहमदाबाद नगर की स्थापना की तथा उसने 1413 ई. इसे अपनी राजधानी बनाया |

अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात पर कब आक्रमण किया था?

1297-98 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात पर आक्रमण किया था |

जफ़र खाँ गुजरात का सूबेदार/ राज्यपाल कब बना था?

1401 ई. में